increase in the State Bank group assistance to agriculture and small scale industries sectors is as follows :

	30.6.1969	30.12.1969
Agricultural Finance		
(Direct finance to farmers)		
Number of accounts :	37,031	1,19,199
Limits sanctioned (Rs. crores) :	29.90	58.46
Outstanding (Rs. crores) :	11.06	33.02
Small Scale Industry		
Number of units :	25,904	31,437
Limits sanctioned (Rs. crores)	212.58	259.46
Outstanding (Rs. crores)	103.01	135.31

राजस्थान में एक लाख रुपये से अधिक बकाया आयकर वाली फर्में तथा व्यक्ति

8453. **श्री रमेश चन्द्र व्यास** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान में एक लाख रुपये से अधिक बकाया आयकर वाले व्यक्तियों, फर्मों तथा कम्पनियों के नाम क्या हैं ;

(ख) आयकर की बकाया राशि शीघ्र वसूल करने के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ; और

(ग) इस सम्बन्ध में दोषी पाये गये अधिकारियों तथा फर्मों के विरुद्ध सरकार ने अब तक क्या कार्यवाही की है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्र० चं० सेठी) : (क) राजस्थान में जिन व्यक्तियों, फर्मों और कम्पनियों की ओर आयकर की एक लाख रुपये से अधिक आकार की रकमें बकाया हैं उनके नाम तत्काल उपलब्ध नहीं हैं। लेकिन फर्मों तथा कम्पनियों सहित ऐसे सभी निर्धारितियों के नाम उपलब्ध हैं जिनकी ओर 30-6-1969 को आयकर की 5 लाख रुपये से अधिक की रकमें बकाया थीं और उनके नाम विवरण में दिये गये हैं।

(ख) और (ग). इन निर्धारितियों से बकाया कर की वसूली के लिये प्रत्येक मामले में तथ्यों और परिस्थितियो के अनुसार कानून सम्मत कार्यवाही की जा रही है अथवा करने का विचार है। अभी तक इस संबंध में किसी अधिकारी को दोषी नहीं पाया गया है और इस प्रकार किसी भी अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही करने का प्रश्न नहीं उठता।

विवरण

राजस्थान के आयकर आयुक्त के कार्य क्षेत्र में जिन निर्धारितियों का कर निर्धारण किया गया उनके नाम

1. मेसर्स विजय काटन मिल्स लिमिटेड, विजय नगर
2. मेसर्स कोटा स्ट्रा बोर्ड प्राइवेट लिमिटेड, कोटा
3. मेसर्स प्रहलाद मालीराम
4. श्री भूरमल अग्रवाल, सोकियो-का-रास्ता, जयपुर
5. श्रीमती रामजोत बाई, अजमेर
6. श्री पूसालाल मान सिंहका, भीलवाड़ा
7. मेसर्स दादूवाला एण्ड कं०, भीलवाड़ा
8. मेसर्स एसोसिएटेड स्टोन इण्डस्ट्रीज (कोटा) लिमिटेड, रामगंज मंडी
9. मेसर्स बल्देव दास रामेश्वर, भीलवाड़ा
10. श्री जे० आर० पिल्लानिया, पिलानी